RCS-UDAN के अंतर्गत नए हवाई अड्डे

स्रोत: पी.आई.बी

चर्चा में क्यों?

हाल ही में प्रधानमंत्री ने **रीवा (मध्य प्रदेश), अंबिकापुर (छत्तीसगढ़) और सहारनपुर (उत्तर प्रदेश)** में **क्षेत्रीय संपर्क योजना (RCS-UDAN)** के तहत तीन हवाई अड्डों का उद्घाटन किया।

- इन हवाई अड्डों का उद्देश्य हवाई यात्रा की सुगमता को बढ़ाना है और जल्द ही यहाँ से उड़ानें शुरू होने से वंचित क्षेत्रों में बुनियादी ढाँचे में सुधार लाने के मिशन को आगे बढ़ाया जा सकेगा।

//

क्षेत्रीय संपर्क योजना (RCS-UDAN) क्या है?

- उड़े देश का आम नागरिक (UDAN) योजना: **उड़े देश का आम नागरिक (UDAN) योजना को वर्ष** 2016 में **नागरिक उड्डयन मंत्रालय के** तहत एक **क्षेत्रीय संपर्क योजना (RCS)** के रूप में शुरू किया गया था।
  - यह योजना दूरदराज़ के क्षेत्रों को जोड़ने के साथ पर्यटन एवं आर्थिक विकास को बढ़ावा देने पर केंद्रित है तथा इसके तहत सात वर्षों में 144 लाख से अधिक यात्रियों को यात्रा की सुविधा प्रदान की गई है।
    - **अंतिम मील कनेक्टिविटी** पर आधारित यह योजना बेहतर हवाई यात्रा की सुविधा प्रदान करती है।
  - पहली **RCS-UDAN (शिमला से दिल्ली) का** उद्घाटन प्रधानमंत्री द्वारा वर्ष 2017 में किया गया था।
- **उड़ान के संस्करण:**
  - **उड़ान 1.0:** इसके तहत 70 हवाई अड्डों (36 नए परिचालन) को जोड़ने के क्रम में 128 उड़ान मार्ग स्वीकृत किये गए।
  - **उड़ान 2.0: इसमें पहली बार हेलीपैड** को शामिल किया गया।
  - **उड़ान 3.0:** इसमें पर्यटन मार्गों और सीप्लेन कनेक्टिविटी को शामिल किया गया, जिसमें पूर्वोत्तर क्षेत्र पर विशेष जोर दिया गया।
  - **उड़ान 4.0:** पूर्वोत्तर, पहाड़ी राज्यों और द्वीपों में कनेक्टिविटी सुधारने पर ध्यान केंद्रित किया गया। हेलीकॉप्टर और सीप्लेन परिचालन को भी जोड़ा गया।
  - **उड़ान 5.0:** श्रेणी-2 और श्रेणी-3 विमानों को प्राथमिकता दी गई।
    - **उड़ान 5.1: वित्तपोषण बढ़ाकर**, हवाई किराये की सीमा कम करके तथा एक गंतव्य को प्राथमिकता वाला क्षेत्र बनाकर हेलीकॉप्टर मार्गों को बढ़ावा दिया जाना।
    - **उड़ान 5.2:** छोटे विमानों के साथ अंतिम मील तक कनेक्टिविटी को बढ़ाया जाना, जिससे दूरदराज़ के क्षेत्रों में पर्यटन को बढ़ावा मिल सके।
    - **उड़ान 5.3 और 5.4:** पहले से बंद मार्गों को शुरू करना तथा पॉइंट-टू-पॉइंट हवाई संपर्क को बढ़ावा देना।

विमानन क्षेत्र के लिये अन्य प्रमुख पहल

- **राष्ट्रीय नागरिक विमानन नीति (NCAP):** NCAP का **उद्देश्य** उड़ान को किफायती और सुलभ बनाना, नागरिक विमानन विकास को बढ़ावा देना, पर्यटन और रोज़गार को बढ़ावा देना, वित्तीय सहायता एवं बुनियादी ढाँचे के माध्यम से क्षेत्रीय संपर्क को बढ़ाना तथा विनियमन और ई-गवर्नेंस के माध्यम से व्यापार को सुलभ बनाना है।
- **ओपन स्काई समझौता: यह दो देशों** के बीच द्विपक्षीय समझौता है, जिसके तहत एयरलाइनों को अंतर्राष्ट्रीय यात्री एवं कार्गो सेवाएँ प्रदान करने से संबंधित समन्वय शामिल है।
- **निर्बाध यात्रा के लिये डिजी यात्रा**: यह डिजिटल प्लेटफॉर्म हवाई यात्रियों के लिये संपर्क रहित अनुभव प्रदान करता है, जिसमें चेहरे की पहचान और कागज रहित चेक-इन जैसी सुविधाएँ शामिल हैं।

यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न (PYQs)

??????????

Q1. 'राष्ट्रीय निवेश और अवसंरचना कोष' के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं? (2017)

1. यह नीति आयोग का एक अंग है।
2. वर्तमान में इसका कॉर्पस 4,00,000 करोड़ रुपए का है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 व 2 दोनों
(d) न तो 1 न ही 2

उत्तर: (d)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/new-airports-under-rcs-udan